राजस्थान सरकार
विधि एवं विधिक कार्य विभाग

क्रमांकः प.10(31)न्याय / 2018 जयपुर, दिनांक 23 FEB 2023

–:: प्रशासनिक स्वीकृति ::–

राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर एवं जयपुर बैंच के लिए कार्य के सुचारू संचालन हेतु 240 होमगार्डस् की संविदा सेवाएं दिनांक 01.04.2023 से 29.02.2024 तक अथवा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रिक्त पदों के नियमानुसार भरने तक, दोनों में से जो पहले हो, लिये जाने की सहमति इस शर्त के अध्याधीन प्रदान की जाती है कि विभाग रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही शीघ्र पूरी करेगा।

राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर एवं जयपुर बैंच के लिए Thermal Screening & Other activities to tackle Covid-19 activities के संबंध में 35 होमगार्डस् की संविदा सेवाएं गृह विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई है। अतः विभाग को परामर्श दिया जाता है कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आवश्यकता अनुसार गृह विभाग से उक्त संविदा सेवा को बढ़ाये जाने के संबंध में कार्यवाही करावे।

उक्त स्वीकृति वित्त व्यय–5 विभाग की आई.डी. संख्यां 102300538 दिनांक 17.02.2023 के द्वारा प्राप्त सहमति के अनुसरण में जारी की जाती है।

भवदीय

(ज्ञान प्रकाश गुप्ता)
प्रमुख शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. रजिस्ट्रार जनरल, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर को उनके पत्रांकः– I/A(iii)(a)(1)05/2016(Sep)/256 Dated 02.02.2023 के क्रम में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
2. रजिस्ट्रार (प्रशासन), राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर बैंच जयपुर।
3. कार्यालय निवासी, लेखा परीक्षा अधिकारी, शासन सचिवालय, जयपुर।
4. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (बजट) / (व्यय–5) शासन सचिवालय,जयपुर।
5. प्रोग्रामर, विधि एवं विधिक कार्य (कम्प्यूटर सैल) विभाग।
6. रक्षित पत्रावली।

(आशुतोष कुमावत)
संयुक्त शासन सचिव